Daily Covid-19 Updates

22 June, 2020





#IndiaFightsCorona
Total COVID-19 cases in India
(June 22, 2020)
Deaths (13699)
3.2%
Active Cases (174387)
41%
Cured/Discharged/
Migrated (237196)
55.8%
Total confirmed cases = Active + Cured/Discharged/Migrated
+ Deaths = 425282
@COVIDNewsByMIB

सामाजिक अभियान के तहत देशभर में क्रान्ति की अलख जगा रहा भारतीय जन औषधि केंद्र

सामाजिक अभियान के तहत देशभर में 6300 से अधिक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्रों में सैनिटरी नैपकीन एक रूपए की न्यूनतम कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ये सैनेटरी नैपकीन जन औषधि सुविधा सैनटरी नैपकीन के नाम से बेचे जा रहे हैं। बाजार में ऐसे नैपकीन की कीमत 3 से 8 रूपए प्रति पैड है।

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून 2018 को भारत सरकार ने महिलाओं के लिए "जन औषधि सुविधा ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन" लॉन्च करने की घोषणा की थी। तब से लेकर 10 जून 2020 तक जनऔषधि केन्द्रों के माध्यम से 4.61 करोड़ से अधिक सैनिटरी नैपकिन बेचे जा चुके हैं। इनकी कीमतों में 27 अगस्त 2019 को संशोधन किया गया और दाम घटाए गए। इसके बाद से 10 जून, 2020 तक इन केन्द्रों के जरिए 3.43 करोड़ से अधिक पैड बेचे जा चुके हैं।

मासिक धर्म और इससे जुड़ी प्रथाओं को अभी भी कई तरह के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक उपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई और स्वास्थ्य देखभाल के रास्ते में बड़ी अड़चनें पैदा करते हैं। देश के कई हिस्सों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों और महिलाओं की सैनिटरी उत्पादों तक पहुंच नहीं है या वे इनका विकल्प नहीं चुन पातीं क्योंकि बाजार में उपलब्ध ज्यादातर ऐसे नैपकीन महंगे हैं।

वर्तमान परिदृश्य में जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती और पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी नैपकीन उपलब्ध करा कर भारत में वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सभी के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की सोच को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय औषधि विभाग द्वारा यह कदम उठाया गया है।

सैनिटरी नैपकिन पर्यावरण के अनुकूल हैं, क्योंकि ये जैविक रूप से नष्ट हो जाने वाली ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बनाए जाते हैं। इनका परीक्षण एएसटीएम डी-6954 मानकों पर किया जाता है। प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र कोविड-19 के प्रकोप के इस चुनौतीपूर्ण समय में भी अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं और लोगों को सस्ती दरों पर जरुरी दवाओं और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं।

जनऔषधि सुविधा सैनिटरी नैपकिन सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। देश भर में मार्च, अप्रैल और मई, 2020 के महीने में 1.42 करोड़ से अधिक ऐसे पैड बेचे गए हैं।

Positive India:

1- संक्रमण की पहली सीढ़ी पर ही कोरोना को रोकने की जगी उम्मीद, दवाएं बनाने में आएगी तेजी- https://www.jagran.com/world/united-kingdom-scientists-have-produced-first-open-source-all-atom-models-of-coronavirus-spike-protein-produced-20423022.html

2- नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने वैश्विक महामारी से निपटने के बताए 10 उपाय- https://www.jagran.com/news/national-niti-aayog-ceo-amitabh-kant-outlined-10-measures-to-tackle-global-epidemic-20422856.html

3- CM योगी आदित्यनाथ की दो-टूक, कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं- https://www.jagran.com/politics/state-fight-against-corona-in-up-cm-yogi-adityanath-says-we-will-not-tolerate-negligence-in-law-and-order-situation-20422519.html

4- Coronavirus को लेकर राहत की खबर, भारत प्रति लाख अबादी में सबसे कम केस वाले देशों में शामिल- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-india-ministry-of-health-says-has-one-of-the-lowest-cases-per-lakh-population-citing-who-report-20422180.html

5- कोरोना से मुकाबले के लिए BMC का Mission Zero Rapid Action Plan- https://www.jagran.com/maharashtra/mumbai-bmc-launches-mission-zero-rapid-action-plan-20422164.html

6- जानें, हेल्थ एक्सपर्ट्स कोविड-19 के लिए किन दवाओं को बता रहे हैं मददगार- https://www.jagran.com/lifestyle/health-know-which-medicines-are-helpful-for-covid-19-treatment-20422129.html

7- भारत में पिछले 24 घंटों में 14,821 नए कोरोना मामले, कोविफॉर के लॉन्च से जागी उम्मीद- https://www.jagran.com/news/national-445-deaths-and-spike-of-14821-new-coronavirus-positive-cases-reported-in-india-in-last-24-hrs-20421868.html

8- स्वास्थ्यकर्मियों को अब सितंबर तक मिलेगा 50 लाख रुपये की बीमा योजना का लाभ, जानें पूरा ब्योरा- https://www.jagran.com/business/biz-health-workers-will-now-get-the-benefit-of-rs-50-lakh-insurance-plan-by-september-know-all-details-20418595.html

9- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- कंटेनमेंट जोन में सर्विलांस और टेस्टिंग के लिए लगाएं अतिरिक्त टीमें- https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-chief-minister-yogi-adityanath-said-set-up-additional-teams-for-surveillance-and-testing-in-the-containment-zone-20420068.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24 घंटों में 14,821 नए COVID19 मामले सामने आए हैं और 445 मौतें हुई हैं। पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 4,25,282 हुई हैं, जिसमें 1,74,387 सक्रिय मामले, 2,37,196 ठीक /डिस्चार्ज/माइग्रेट और 13699 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय

- कर्नाटक के सीएम बीएस येदियुरप्पा ने बेंगलुरु में बढ़ते COVID19 मामलों को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए आज संबंधित अधिकारियों और विभागों की एक इमरजेंसी बैठक बुलाई।

- लगभग 1656 ट्रेनें अब तक आ चुकी हैं। आज हिमाचल और तमिलनाडु से एक-एक ट्रेनें आ रही हैं। प्रदेश से 56 ट्रेनें जा चुकी हैं। 58 ट्रेनें अब तक भट्ठा श्रमिकों के लिए हो जाएंगी जिनमें 1लाख 1हज़ार से अधिक श्रमिक अपने घर सकुशल जा सकेंगे: यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी

- आज 16125 सैंपलों की टेस्टिंग की गई। अब तक प्रदेश में कुल 560697 सैंपलों की टेस्टिंग की जा चुकी है। RT-PCR टेस्ट के साथ अब जल्द ही कुछ चयनित जनपदों में हम एंटीजन टेस्ट शुरू करेंगे: यूपी के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद

- 24 घंटों में 596 केस सामने आए हैं। एक्टिव केसों की संख्या 6186 है। अब तक पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज लोगों की संख्या 10995 है। कल 626 संक्रमित लोग ठीक होकर घर गए। डिस्चार्ज होने का प्रतिशत अब 62.01 हो गया है। अब तक 550 लोगों की मौत हुई है: यूपी के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन

- पिछले 24 घंटों में तमिलनाडु में एक दिन में सर्वाधिक 2532 COVID19 मामले और 53 मौतें रिपोर्ट हुईं। कुल मामलों की संख्या 59377 है। राज्य में अब 25863 सक्रिय मामले हैं और मरने वालों की संख्या बड़कर 757 हुई: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- उत्तराखंड में आज 23 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए, इसी के साथ राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2324 हुई: राज्य स्वास्थ्य विभाग
- महाराष्ट्र पुलिस में पिछले 24 घंटों में 88 नए COVI19 पॉजिटिव केस सामने आए हैं और 1की मौत हुई है, कुल पॉजिटिव केस की संख्या 4,048 है और कुल 47 मौतें हुई हैं: महाराष्ट्र पुलिस

- हिमाचल प्रदेश में दो और लोग COVID19 से संक्रमित पाए गए हैं, कुल सक्रिय मामलों की संख्या 233 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 477 नए COVID19 मामले सामने आए हैं और 5 मौतें हुई हैं। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 8929 है जिसमें 4,516 सक्रिय मामले शामिल हैं। कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या 106 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- असम में 133 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या अब 5,388 हो गई है, जिसमें 3,202 ठीक और 9 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- ओडिशा में COVID19 के 304 नए मामले सामने आए हैं, कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या अब 5,160 हो गई है जिसमें 1,607 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- गुजरात में पिछले 24 घंटे के दौरान 580 लोगों में कोविड 19 संक्रमण पाया गया। राज्य में संक्रमितों की संख्या 27317 हो गई है।

Covid-19 Updates (Worldwide):

- The coronavirus pandemic is still accelerating and its effects will be felt for decades, the World Health Organization's director-general Tedros Adhanom Ghebreyesus told an online conference on Monday.

- The novel coronavirus pandemic is still accelerating and its effects will be felt for decades, the World Health Organization's director-general told an online conference on Monday.

- COVID-19 highest official death tolls, United States: 119,970+, Brazil: 50,610+, Britain: 42,630+

- On top of war and the coronavirus pandemic, Yemen faces looming economic disaster as a crisis gripping its main benefactor Saudi Arabia dents remittances and leaves state coffers running dry.

- Brazil registers its 50,000th death from the coronavirus outbreak, underlining Latin America's desperate struggle to contain the disease, as Europe's gradual emergence from lockdown is marked by Spain reopening its borders.

- A new field hospital in eastern Morocco will from Sunday receive around 700 COVID-19 patients following a sharp spike in infections in the kingdom, the government said.

- Dutch police on Sunday charged on horseback and fired water cannon to disperse protesters frustrated with the government's coronavirus policies, arresting dozens after skirmishes broke ou.

- The reverberating economic shock of the coronavirus crisis has delivered a massive setback for women because so many work in the badly exposed services sector, experts say.

कोरोना से सर्वदलीय जंग

- पिछले दिनों से ऐसे कई मामले सामने आ रहे थे कि राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण से ग्रस्त मरीज दिनभर अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे और अंततः बिना इलाज के मरीज की मौत हो गई। प्राइवेट अस्पतालों ने कोरोना महामारी की आपदा को अवसर बना लिया यानि लूट का अवसर।
- कोरोना महामारी से मरने वालों के शवों की दुर्गति देख कर हर कोई दहल गया। ऐसा नहीं है कि यह स्थिति केवल देश की राजधानी की है, अन्य राज्यों में भी बदतर हालात देखने को मिल रहे हैं। अब जबकि विशेषज्ञ बार-बार कह रहे हैं कि कोरोना की महामारी अभी और विकराल रूप लेगी तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोरोना वायरस के फैलते दायरे को समेटा कैसे जाए।
- दिल्ली के हालात बिगड़े तो मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ट्विटर और वीडियो मैसेज से दिल्ली वालों की राय इन बिन्दुओं पर ली कि क्या दिल्ली में केवल दिल्ली वालों का ही इलाज हो और क्या दिल्ली की सीमायें अन्य पड़ोसी राज्यों से आने वाले लोगों के लिए सील कर दी जाएं? उन्होंने दोनों कदमों का ऐलान भी कर दिया।
- पहली दृष्टि से देखा जाए तो अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली की सीमायें सील करने की घोषणा गलत नहीं थी, जब हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने दिल्ली वालों के लिए सीमायें सील की थी तब किसी ने इस पर आपत्ति नहीं की थी लेकिन जब केजरीवाल ने ऐसा किया तो इसका जमकर विरोध किया। अन्य दलों को देश की संघीय व्यवस्था की याद आने लगी। जमकर राजनीति भी हुई, शब्दों के तीखे बाण भी चले।
- सबसे बड़ी चुनौती तो दिल्ली वालों को उपचार उपलब्ध कराने की है परन्तु राजनीतिक दलों के बीच बजारू शास्त्रार्थ छिड़ गया। दिल्ली में राजनीतिक दलों ने कोरोना के समय में भी राजनैतिक बयानों को उसी तरह बेचने की कोशिश की जिस तरह बाजार में कोई उत्पाद बिकता है। यह समय राजनीति का नहीं है, यह समय कोरोना वायरस के सामने मुट्ठियां तानकर खड़े होने का है। जनता की पीड़ा को दूर करने के लिए सत्ता से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को एकजुट होकर काम करना ही पड़ेगा।
- देश में जब भी कभी प्राकृतिक आपदायें आईं या पड़ोसी देशों से युद्ध हुआ तो न केवल सरकारों ने लड़ाई लड़ी बल्कि देश के लोगों ने भी जमकर सहयोग दिया। संकट की घड़ी में हमेशा भारत ने एकजुटता दिखाई। राजनीतिक दलों ने भी एकजुट होकर काम किया तभी हर बार देश संकट से निकल कर फिर उठा और विकास की दौड़ में आगे रहा। राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण पर काबू पाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने अब कमान खुद संभाल ली है।

- गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के उपराज्यपाल बैजल और मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मैराथन बैठकें की। उन्होंने सर्वदलीय बैठक भी बुलाई। कोरोना से जंग सर्वदलीय ही होनी चाहिए। गृहमंत्री ने दिल्ली को कोरोना से लड़ने के लिए आवश्यक संसाधन जैसे आक्सीजन सिलैंडर, वेंटिलेटर्स, पल्स ऑक्सीमीटर और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।
- देश ने हर संकट का मुकाबला जन सहयोग से ही किया है। कई स्वयंसेवी संस्थायें बहुत उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस और अन्य समाजसेवी संस्थाओं को इस महामारी में स्वास्थ्य सेवाओं में वालंटियर के नाते जोड़ने का भी निर्णय किया है। गृहमंत्री ने दिल्ली सरकार को भारत सरकार के पांच वरिष्ठ अधिकारी भी दिए हैं, साथ ही केन्द्र और दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग को सभी फैसले अच्छे से अमल में लाने के निर्देश भी दिए हैं।
- कोरोना काल में इस सारी कवायद को हमें किसी की जीत या किसी की हार के तौर पर परिभाषित नहीं करना चाहिए। दिल्ली में मरीजों की संख्या 40 हजार के पार हो चुकी है। ऐसे में कोई भी सरकार अकेले व्यवस्था नहीं कर सकती। चुनौती बहुत बड़ी है और इससे पार पाने के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा। टैस्टिंग की धीमी गति का परिणाम हम भुगत रहे हैं, हर रोज हजारों की संख्या में नए संक्रमितों का आना हमारी चिन्ता होनी चाहिए। कई देशों ने तेजी से टैस्टिंग करके कोरोना काे काफी हद तक परास्त कर दिया है।
- महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु में लगातार नए मामले सामने आ रहे हैं। भारत में मृत्यु का आंकड़ा काफी कम है, रिकवरी रेट भी 50 फीसदी से ज्यादा हो चुका है।

https://punjabkesari.com/editorial/all-party-war-from-corona/



Prepared By:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey